>

Title: Need to implement the recommendations of National Commission for Denotified and Nomadic Tribes (Renke Commission).

**श्री हरिभाऊ राठौड़ (यवतमाल):** महोदया, मैं आपके माध्यम से बहुत महत्वपूर्ण इश्यु देश के सामने लाना चाहता हूं।

देश में 15 करोड़ लोग ऐसे हैं, जो डिनोटीफाइड और नोमेडिक ट्राइब्स कहलाते हैं, जिनको वर्ष 1871 से ब्रिटिश सरकार द्वारा क्रिमिनल कास्ट के रूप में घोषित किया गया था। इस काले कायदे में ये लोग रहे और वर्ष 1952 में पंडित जवाहर लाल नेहरू ने उनको विमुक्त करते हुए कहा कि जाओ, आज से आप लोग मुक्त हैं। उन लोगों को जिस फेंसिंग में रखा गया था, उसको तोड़कर पंडित जी ने उनको विमुक्त किया था। पंडित नेहरू के बाद इंदिरा जी ने भी उनके लिए करने की कोशिश की, राजीव गांधी जी ने भी उनके लिए करने की कोशिश की। लेकिन उनका यह सपना अभी भी अधूरा है। ये 15 करोड़ लोग आज भी बहुत बदतर एवं दयनीय स्थिति में हैं। इनके लिए भारत सरकार ने नेशनल कमीशन फार डिनोटीफाइड एंड नोमेडिक ट्राइब्स का गठन किया था। इस कमीशन ने 2 जुलाई को अपनी रिपोर्ट भारत सरकार को सौंप दी है, जिसे अब तक पांच महीने गुजर चुके हैं। [R67]उसके बाद माननीय प्रधान मंत्री जी ने मुझे बताया था कि हम जल्द ही इस विषय को केबिनेट के सामने लाएंगे। मेरा यह कहना है कि इन 15 करोड़ लोगों की जो बात मैं बार-बार सदन में करता हूं, जिस तरह से मंडल आयोग को 20 साल तक दबा दिया गया था,

**सभापति महोदया :** आप अपनी बात रखें कि आप सरकार से क्या चाहते हैं?

**श्री हरिभाऊ राठौड़ :** मैं अपनी बात ही रख रहा हूं। इतने लम्बे अर्से से उनकी मांग पूरी नहीं हुई है। ऐसे लोग इसमें हैं, जैसे लोधी हैं, गुर्जर हैं, बंजारे हैं, कंजर हैं, विषाद हैं, मल्लाह हैं, गंगापुत्र हैं, केवट हैं, भाट हैं, गडरिया हैं, रायदा हैं, इन लोगों को मालूम ही नहीं कि रेनके कमीशन उनके लिए क्या है। ये तो सोए हुए हैं।

**सभापति महोदया:** आप अपनी मांग रखिए कि सरकार से आप क्या चाहते हैं?

**श्री हरिभाऊ राठौड़ :** मैं मांग ही रख रहा हूं। मदारी हैं, जोगी हैं, गाड़ी लुहार हैं, मनिहार हैं, सपेरा हैं। मैं इसलिए कह रहा हूं कि जैसे मंडल आयोग 20 साल तक लागू नहीं हुआ था इसी तरह से कहीं इस रेनके कमीशन का हाल न हो। ये जो नेशनल कमीशन फार डिनोटिफाइड एंड नोमोडिक ट्राइब्स (रेनके कमीशन) इन लोगों के लिए था। मैं विश्वास करता हूं कि यह काम सिर्फ कांग्रेस ही कर सकती है। मुझे डर है कि कहीं अभी चुनाव न हो जाएं। अगर ऐसा हो गया तो हमारी बात फिर रह जाएगी।

**सभापति महोदया:** आप फिर नहीं कर पाएंगे। अब आप बैठ जाएं।

**श्री हरिभाऊ राठौड़ :** मेरी आपके माध्यम से सरकार से रिक्वेस्ट है कि इन 15 करोड़ लोगों की जो मैं बात कर रहा हूं, उनके लिए यह जो रेनके कमीशन बना था, उसकी सिफारिशों को तुंत लागू किया जाए।

**सभापति महोदया:** आपकी बात आ गई है कि सरकार करे, वह जरूर करेगी, अब आप बैठ जाएं।

**श्री हरिभाऊ राठौड़ :** बस आप आदेश दे दें। धन्यवाद।